# कृषि और खाद्य सुरक्षा पर आपदाओं का प्रभाव: FAO

## प्रिलिम्स के लिये:

कृषि और खाद्य सुरक्षा पर आपदाओं का प्रभाव, खाद्य एवं कृषि संगठन, अत्यधिक आपदा, जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा, रेनफेड फार्मिंग।

## मेन्स के लिये:

कृषि और खाद्य सुरक्षा पर आपदाओं का प्रभाव, गरीबी एवं विकास संबंधी मुद्दे, गरीबी व भूख से संबंधित मुद्दे।

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने **'कृषि और खाद्य सुरक्षा पर आपदा का प्रभाव'** शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में **अत्यधिक आपदा घटनाओं की आवृत्ति में तीव्र वृद्धि हुई है**।

- रिपोर्ट में पिछले तीन दशकों में कृषि उत्पादन पर आपदाओं के कारण हुए नुकसान का अनुमान लगाया गया है और **फसलों, पशुधन, वानिकी, मत्स्य पालन तथा जलीय कृषि** उपक्षेत्रों को प्रभावित करने वाले विविध खतरों एवं प्रभावों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- इसमें **जलवायु परिवर्तन**, महामारी, प्रकोप और सशस्त्र संघर्ष जैसे अंतर्निहित जोखिमों की जटिल परस्पर क्रिया का विश्लेषण किया गया तथा आकलन किया गया कि वे बड़े पैमाने पर कृषि एवं **कृषि खाद्य प्रणालियों** में आपदा जोखिम कैसे उत्पन्न करते हैं।

## रिपोर्ट के मुख्य बिंदु:

- **कुल कृषि हानि:**
  - पिछले 30 वर्षों में **आपदा की घटनाओं के कारण** अनुमानित 3.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की फसलें और पशुधन नष्ट हुआ।
  - इसका अर्थ है कि औसतन 123 बिलियन अमेरिकी डॉलर का वार्षिक नुकसान, जो वैश्विक कृषि **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** का लगभग 5% है।
    - **प्राकृतिक संसाधनों** और जलवायु परिस्थितियों पर इसकी **गहन निर्भरता** को देखते हुए, आपदा जोखिम के संदर्भ में कृषि **सबसे अधिक जोखिम वाले और संवेदनशील क्षेत्रों** में से एक है।
    - बार-बार आने वाली आपदाओं से कृषि खाद्य प्रणालियों की **स्थिरता** और **खाद्य सुरक्षा में हुई प्रगति** खतरे में पड़ सकती है।
- **विभिन्न देशों पर प्रभाव:**
  - आपदाओं का **निम्न और निम्न मध्यम आय वाले देशों पर सबसे अधिक सापेक्ष प्रभाव** पड़ता है, वहाँ कुल कृषि सकल घरेलू उत्पाद का 15% तक नुकसान हो सकता है।
  - छोटे विकासशील द्वीपीय देशों (SIDS) को भी **बड़ी आर्थिक हानि** का सामना करना पड़ता है, जो उनके कृषि सकल घरेलू उत्पाद का **लगभग 7% तक होता है।**
- **उत्पाद समूहों को हानि:**
  - **प्रमुख कृषि उत्पादों** से संबंधित घाटे में बढ़ोतरी हो रही है।
  - आपदाओं के समय अनाज **सबसे अधिक प्रभावित** होता है, इसके बाद **फल और सब्ज़ियाँ** तथा चीनी से निर्मित उत्पाद आते हैं, जिनमें हर साल औसतन लाखों टन की हानि होती है।
  - मांस, डेयरी उत्पाद और अंडो के व्यापार में भी इससे काफी हानि पहुँचती है।
- **क्षेत्रीय अंतर:**
  - कुल वैश्विक आर्थिक नुकसान का सबसे बड़ा भाग एशिया को अनुभव होता है, उसके बाद **अफ्रीका, यूरोप** और अमेरिका का स्थान आता है।
  - हालाँकि एशिया में ये नुकसान अफ्रीका की तुलना में कृषि वर्धित मूल्य का एक छोटा प्रतिशत है।




//

- **आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति:**
    - आपदा की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जो **1970 के दशक में 100 प्रति वर्ष** से बढ़कर पिछले दो दशकों में दुनिया भर में प्रतिवर्ष लगभग **400 घटनाएँ** हो गई हैं।
    - जलवायु-प्रेरित आपदाओं के कारण अपेक्षित बदतर प्रभावों के साथ ये घटनाएँ अधिक लगातार, तीव्र और जटिल होती जा रही हैं।




- **संवेदनशील समूहों पर प्रभाव:**
    - छोटे स्तर के किसान, विशेष रूप से वर्षा-आधारित कृषि करने वाले, आपदा प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं।
    - कृषि-स्तरीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रथाओं को अपनाने से हानि को कम करने और लचीलापन बढ़ाने में सहायता मिल सकती है।
    - कृषि-स्तरीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण की आधुनिक व्यवस्थित प्रथाओं में निवेश पूर्व लागू प्रथाओं की तुलना में औसतन **2.2 गुना बेहतर प्रदर्शन कर सकता है**।

## सिफारिशें:

- पूर्वानुमानित खतरों के जवाब में अग्रिम कार्रवाई जैसे सक्रियता और समय पर प्रबंधन, कृषि में आपदा जोखिमों को कम कर सकते हैं।
- प्रत्याशित कार्रवाई में निवेश किये गए प्रत्येक 1 अमेरिकी डॉलर के लिये ग्रामीण परिवार 7 अमेरिकी डॉलर तक का लाभ प्राप्त कर सकते हैं और कृषि घाटे से बच सकते हैं।
- रिपोर्ट कृषि पर **आपदाओं के प्रभाव को संबोधित करने के लिये तीन प्रमुख प्राथमिकताओं** को रेखांकित करती है:
    - आपदा प्रभावों पर डेटा और जानकारी में सुधार करना, बहु-क्षेत्रीय तथा बहु-जोखिम आपदा जोखिम न्यूनीकरण दृष्टिकोण विकसित करना तथा कृषि में आपदा जोखिम को कम करने व आजीविका में सुधार करने हेतु लचीले तंत्र की स्थापना में निवेश बढ़ाना।

## खाद्य एवं कृषि संगठन:

- **परिचय:**
    - खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ के तहत की गई थी, यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
        - प्रत्येक वर्ष विश्व में **16 अक्तूबर को** विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। यह दिवस FAO के स्थापना दिवस की याद में मनाया जाता है।
    - यह **रोम (इटली) में स्थित संयुक्त राष्ट्र खाद्य सहायता** संगठनों में से एक है। इसकी सहयोगी संस्थाएँ **विश्व खाद्य कार्यक्रम** और अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD) हैं।
- **FAO की पहलें:**
    - **विश्व स्तरीय महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (GIAHS)।**
    - विश्व में **मरुस्थलीय टिड्डियों** की स्थिति पर नज़र रखना।
    - FAO और WHO के खाद्य मानक कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के मामलों के संबंध में **कोडेक्स एलेमेंटेरियस आयोग (CAC)** उत्तरदायी

निकाय है।
    - खाद्य और कृषि के लिये [प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज़ पर अंतरराष्ट्रीय संधि](#) को वर्ष 2001 में FAO के 31वें सत्र में अपनाया गया था।
- **प्रमुख प्रकाशन:**
    - द स्टेट ऑफ वर्ल्ड फिशरीज़ एंड एक्वाकल्चर (SOFIA)
    - द स्टेट ऑफ वर्ल्ड्स फॉरेस्ट्स (SOFO)
    - **[विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (SOFI)](#)**
    - द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (SOFA)
    - द स्टेट ऑफ एग्रीकल्चरल कमोडिटी मार्केट्स (SOFO)

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. FAO पारंपरिक कृषि प्रणालियों को 'सार्वभौमिक रूप से महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (Globally Important Agricultural Heritage Systems- GIAHS)' की हैसियत प्रदान करता है। इस पहल का संपूर्ण लक्ष्य क्या है? (2016)**

1. अभिनिर्धारित GIAHS के स्थानीय समुदायों को आधुनिक प्रौद्योगिकी, आधुनिक कृषि प्रणाली का प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना जिससे उनकी कृषि उत्पादकता अत्यधिक बढ़ जाए।
2. पारितंत्र-अनुकूली परंपरागत कृषि पद्धतियाँ और उनसे संबंधित परिदृश्य (लैंडस्केप), कृषि जैवविविधता तथा स्थानीय समुदायों के ज्ञानतंत्र का अभिनिर्धारण एवं संरक्षण करना।
3. इस प्रकार अभिनिर्धारित GIAHS के सभी भिन्न-भिन्न कृषि उत्पादों को भौगोलिक सूचक (जिओग्राफिकल इंडिकेशन) की हैसियत प्रदान करना।

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/impact-of-disasters-on-agricultur-and-food-security-fao